भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +1224

सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

शिवागिरी पर्यटन सर्किट परियोजना का क्रियान्वयन

+1224. एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में शिवागिरी पर्यटन सर्किट परियोजना के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इसके लिए कोई निधि जारी की है और यदि हां तो तत्संबंधी विवरण क्या है;

(ग) क्या सरकार परियोजना के क्रियान्वयन के लिए अविलंब राशि जारी करने पर विचार कर रही है; और

(घ) क्या यह परियोजना लक्षित समयावधि में पूरी कर ली जाएगी?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत 6947.00 लाख रुपये की कुल लागत से ''केरल में आध्यात्मिक सर्किट का विकास: शिवगिरी श्रीनारायण गुरुआश्रम-अरुविपुरम-कुन्नूमपरा श्री सुब्रमणियम-चिबांजथानी श्री नारायण गुरुकुलम'' परियोजना को स्वीकृत किया है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पर्यटन मंत्रालय ने परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को 388.40 लाख रुपये जारी करने की स्वीकृति दे दी है।

(ग): प्रश्न नही उठता।

(घ): इस परियोजना के पूरा होने की तारीख 31.12.2022 है।

****